दिन– शुक्रवार

दिनांक– 15 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. नीट–यूजी की रद्द परीक्षा का इक्कीस जून को होगा आयोजन। अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित होगी परीक्षा।

02 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल–डीजल बचाने की अपील का दिखने लगा असर। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई मंत्री पैदल अपने कार्यालय पहुंचे।

03. भाजपा विधायक संजीव चौरसिया को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन दल का मुख्य सचेतक मनोनीत किया गया।

04. और, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने क्रिकेटर ईशान किशन को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने नीट–यूजी दो हजार छब्बीस परीक्षा दोबारा इक्कीस जून को आयोजित करने की घोषणा की है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को चौदह जून तक प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे। श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान में ओएमआर मोड में आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सीबीटी माध्यम से होगी।

–––बाइट–––

परीक्षा में थोड़ा हमको जो उनकी फोर्मलटीज है। ओएमआर सीट को दस्तखत करना, आरंभ में करना, अंत में भी एक बार करना उसमें हमारे विद्यार्थियों के कोर टाइम में कटौती हुई थी। दो से पांच एग्जामिनेशन टाइम था। उसको ध्यान में रखते हुए एनटीए ने तुरंत निस्पत्ति किया है। उसको और 15 मिनट बढ़ाए। दो से शुरू होगा और पांच–पंद्रह तक ये परीक्षा का समय बढ़ाया जाएगा। इस बार का एडमिट कार्ड 14 जून तक सभी को पहुंच जाएगा।

श्री प्रधान ने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अपनी पसंद का शहर चुनने का अवसर मिलेगा।

–––बाइट–––

जो एग्जामिनेशन हो गई उस एग्जामिनेशन की फीस को हम स्टूडेंट को रिटर्न करेंगे और जो आगे वाला परीक्षा होगा उसकी जीरो फीस होगा। हम विद्यार्थियों के ऊपर कोई आर्थिक बोझ ना आए हम उसकी दायित्व ले रहे हैं। लेकिन प्रथम दृष्टि में जो एनटीए ने तय किया है कि हम एक सप्ताह विद्यार्थियों को अवसर देंगे वो किस शहर में परीक्षा देना चाहते हैं ये उनपे खुला रहेगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि एनटीए में ठोस सुधारों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को सुदृ ढ़ करने संबंधी उपाय किए जाएंगे।

---

वैश्विक ईंधन संकट के बीच तेल विपणन कंपनियों ने देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। पेट्रोल की कीमतों में प्रति लीटर तीन रुपये चौदह पैसे, जबकि डीजल की कीमतों में तीन रुपये ग्यारह पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुयी है। नई दरें आज से लागू हो गयी हैं। अब पेट्रोल की कीमत पटना में एक सौ आठ रुपये सड़सठ पैसे प्रतिलीटर हो गयी है। वहीं, डीजल की कीमत चौरानवे रुपये पैंसठ पैसे प्रतिलीटर हो गयी है। इसके साथ ही सीएनजी के दामों में भी दो रुपये प्रतिकिलो की बढ़ोतरी की गयी है।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी अस्थायी है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि वैश्विक स्थितियां सामान्य होने पर पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में कमी आ जायेगी।

———बाइट———

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि सरकार एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए अधिक से अधिक घरों तक सीएनजी कनेक्शन पहुँचाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

———बाइट———

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए सरकार को मजबूरी में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी करनी पड़ी है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल–डीजल बचाने की अपील का बिहार में असर दिखने लगा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज अपने सरकारी आवास से सचिवालय तक पैदल पहुंचे। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश भी पैदल ही अपने कार्यालय पहुंचे। वहीं, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ई–रिक्शा से जबकि गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार मोटरसाइकिल से अपने कार्यालय पहुंचे। सचिवालय के अधिकारियों और कर्मियों ने भी कार्यालय पहुंचने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग किया। इधर, खगड़िया के जिलाधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार साईकिल से अपने कार्यालय पहुंचे। गयाजी स्टेशन परिसर में आरपीएफ के जवानों ने गाड़ियों की जगह साईकिल से गश्ती की।

---

भाजपा विधायक संजीव चौरसिया को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन दल का मुख्य सचेतक मनोनीत किया गया है। वहीं, बरौली से जदयू के विधायक मंजीत कुमार सिंह उप मुख्य सचेतक होंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को पत्र भेजा है। परिहार विधायक गायत्री देवी, गोविंदगंज के विधायक राजू तिवारी और पिपरा विधायक रामविलास कामत समेत नौ विधायकों को सचेतक की जिम्मेदारी दी गई। इधर, विधान परिषद में जदयू के संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी मुख्य सचेतक मनोनीत किये गए हैं। जनक राम को उप मुख्य सचेतक और नीरज कुमार तथा रीना देवी को सचेतक बनाया गया है।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दो हजार इक्कीस बैच के आईएएस टॉपर शुभम कुमार को पटना का उप विकास आयुक्त बनाया गया है। विनोद सिंह गुंजियाल को शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। के. सेंथिल कुमार को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। राजेश कुमार को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव जबकि पंकज कुमार पाल पथ निर्माण विभाग के सचिव होंगे। अभय कुमार

सिंह को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। जबकि दीपक आनंद को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। प्रेम सिंह मीणा मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त के साथ भागलपुर प्रमंडल के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। हिमांशु कुमार राय को दरभंगा प्रमंडल के साथ कोसी प्रमंडल के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आईसीसी टी–20 वर्ल्ड कप 2026 में विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य ईशान किशन को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने ईशान किशन को उनके सफल क्रिकेट करियर के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी।_इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण, खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंदर सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

---

एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र और जिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दाखिले के लिए आज से सेलेक्शन ट्रायल शुरू हो गया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया की ट्रायल बाईस मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्र में दाखिले के लिए बारह से चौदह वर्ष आयु वर्ग के जबकि जिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दाखिले के लिए सोलह से अठारह वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

–––बाइट–––

---

राज्य सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए युवा किसानों को प्रोत्साहित करेगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि जैविक खेती में बेहतर काम करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सत्तावन सौ हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृ तिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। योजना से जुड़े किसानों को चार हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि गोबर और बायोगैस को

बढ़ावा देने के लिए सौ इकाइयों का लक्ष्य तय किया गया है। इस पर पचास प्रतिशत तक या बाईस हजार पांच रुपये का अनुदान मिलेगा। इसके अलावा सात हजार पांच सौ पक्के वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

---

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व बिहार में अधिकांश स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात के साथ धूलभरी आंधी चलने की भी आशंका है।

–––बाइट–––

इधर, आज औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, कैमूर, नालंदा, नवादा, और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है।

---

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने सीतामढ़ी के पुपरी नगर परिषद कार्यालय में पदस्थापित कनीय अभियंता विजय कुमार शर्मा को एक लाख पैंतालीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी एक संवेदक से रिश्वत ले रहा था।

---

गोपालगंज की एमपी एमएलए अदालत ने जदयू विधायक अनंत सिंह को हथियार प्रदर्शन के मामले में अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने इस मामले में पुलिस से केस डायरी तलब की है।

---

एक महत्वपूर्ण सूचना–

–––प्रोमा–25 सें

---

एग्री स्टैक योजना के तहत फार्मर आईडी बनाने में सुस्ती बरतने के आरोप में पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी ने फेनहारा, पिपराकोठी और वनकटवा के प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी है।

---

सुपौल जिले के जदिया थाना से पुलिस ने एक किलो चार सौ चालीस ग्राम मादक पदार्थ स्मैक के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, भागलपुर जिले के मधुसूदनपुर थना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले में रसोई गैस वितरण में अनियमितता बरतने के आरोप में चार गैस एजेंसियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सहरसा जिले के कासनगर थाना क्षेत्र में एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पिता–पुत्र की मौत हो गई।

---

भोजपुर जिले के महुली गंगा घाट पर धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गंगा जी में दो सगे भाई डूब गये। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है। एक लापता की तलाश की जा रही है।

---

छत्तीसगढ़ के बीजापुर नक्सल विरोधी अभियान में शहीद हुए रोहतास के चेनारी प्रखंड के सेमरी गांव निवासी सीआरपीएफ जवान दिलीप कुमार पासवान के आश्रितों को राज्य सरकार ने 21 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश लाल और अंचलाधिकारी ने शहीद जवान की पत्नी अनीता देवी को राशि सौंपी।

01. नीट–यूजी की रद्द परीक्षा का इक्कीस जून को होगा आयोजन। अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित होगी परीक्षा।

02 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल–डीजल बचाने की अपील का दिखने लगा असर। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई मंत्री पैदल अपने कार्यालय पहुंचे।

03. भाजपा विधायक संजीव चौरसिया को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन दल का मुख्य सचेतक मनोनीत किया गया।

04. और, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने क्रिकेटर ईशान किशन को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की।

---

समाप्त